राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
+9198523 15231
+91 9625958256

Epaper :https://dainikshubhbhaskar.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

https://shubhbhaskar.com

उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से एक साथ प्रसारित

• वर्ष : 1 • अंक : 291 • नई दिल्ली, 14 अक्टूबर 2024 • पृष्ठः 8 • मूल्य : 04 रुपये, RNI.NO. UPHIN/2015/64737



# पीएम गति शक्ति से देश अब विकसित भारत के सपने को पूरा करने आगे बढ़ रहा

## इस पहल को तीन साल पूरे, पीएम मोदी ने की प्रयासों की सराहना

एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पीएम गति शक्ति पहल के आज रविवार को तीन साल पूरे हो गए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने इसके भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने पीएम गति शक्ति के जरिए से भारत के बुनियादी ढांचे को स्मार्ट और एकीकृत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- गति शक्ति की बदौलत देश अब विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ। इस पहल के तहत कई क्षेत्रों में लॉजिस्टिक्स को सुधारने, देरी को कम करने और नए अवसरों को पैदा करने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है। इससे कई परियोजनाओं की



कार्यान्वयन गति में सुधार हुआ है और भारत के विकास की दिशा को तेज किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्वीट कर लिखा- आज पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को तीन साल पूरे हो गए हैं। इस पहल ने लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित किया और कनेक्टिविटी को बढ़ाया है, जिससे परियोजनाओं की गति में तेजी आई और यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। पीएम गति शक्ति पहल के तहत देश में बुनियादी ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं, जिससे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में नया विश्वास और गति आई है।

# भ्रष्ट और कामचोर अधिकारियों की सेवा समाप्त करेगी सरकार

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आए हैं। केंद्र सरकार के भ्रष्ट और कामचोर अधिकारियों पर अब सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निर्णय नहीं लेने वाले, काम मे लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की पहचान कर समय से पहले रिटायर्ड करने का निर्णय मंत्रिमंडल ने लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काउंसिल आफ मिनिस्टर्स की बैठक में मंत्रियों और सचिवों को मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालयों के कामकाज में तेजी और पारदर्शिता लाने की बात कही गई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम तेज करने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय सिविल सेवा नियमों का उल्लेख करते हुए कहा, केंद्र सरकार में पदस्थ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन किया जाए। ईमानदार अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाए, जो अधिकारी भृष्ट और निकम्मे हैं। उनको समय के पहले सेवानिवृत्ति देकर घर बैठा दिया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 साल में मिली 4.5 करोड़ शिकायतों का उल्लेख करते हुए कहा,इस स्थिति में सुधार लाने की जरूरत है।

**3 महीने के नोटिस में टाटा-बाय-बाय** : अगर सरकारी कर्मचारी सेवा में बने रहने के लिए अयोग्य साबित होते हैं. ऐसी स्थिति में उन्हें तीन माह का नोटिस देकर सेवानिवृत्ति दी जा सकती है. 55 साल पूरे होने के बाद भी सेवा से रिटायर किया जा सकता है। इन नियमों के तहत अभी तक 500 से ज्यादा अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सभी मंत्रियों से कहा है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के कामकाज की लगातार समीक्षा करें। भृष्ट और कामचोर अधिकारियों और कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाएं।

# रेल एसपी ने पत्नी और बच्चों के सामने बीजेपी एमएलसी अशोक अग्रवाल के करीबी व उनके मैनेजर को मारा थप्पड़।

**मुख्यमंत्री बिहार को घटना का वीडियो भेजकर रेल एसपी पर कार्रवाई करने का किया गया मांग। ऐसे में अब देखना यह है कि इस मामले में मुख्यमंत्री क्या एक्शन लेते हैं!**

**दैनिक शुभ भास्कर,पुर्णिया प्रमंडल (बिहार)** :- दुर्गा पूजा मेला के दौरान एक हैरान करने वाली घटना घटी है। रेल एसपी डॉ संजय भारती ने बीजेपी एमएलसी अशोक अग्रवाल के करीबी व उनके मैनेजर गौतम अग्रवाल को सरेराह थप्पड़ जड़ दिया। अब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आग की लपट की भांति फैल चुका है। गौतम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मेला देखने बाईक से निकला था तभी किसी बात को लेकर रेल एसपी से कहासुनी हो गई और उन्होंने गौतम को थप्पड़ मार दिया। जब गौतम अपने को एमएलसी अशोक अग्रवाल का परिचय दिया तो उनके नाम सुनते हीं फिर उन्हें थप्पर मारा।



यह पूरी घटना एक वकील ने अपने मोबाइल में कैद कर ली। वीडियो में वकील को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि जो आप लोग कर रहे हैं उसका वीडियो हम बना रहे हैं। हम पेशे से एडवोकेट हैं। तीन बार आप इसको मार चुके हैं, आप क्या हैं? आप मजिस्ट्रेट हैं ना..! दरअसल, कटिहार में दशहरा के दिन भारी भीड़ के कारण प्रशासन ने चारपहिया वाहनों पर रोक लगा दी थी। लोग मेला देखने दोपहिया और पैदल ही आ रहे थे। इसी दौरान एमएलसी अशोक अग्रवाल के करीबी गौतम अग्रवाल अपने परिवार के साथ मेला देखने पहुंचे थे। परिवार के साथ गोलगप्पे खाने के बाद जब वे बाइक से वापस

**लौट रहे थे, तो कुछ पुलिसकर्मियों से उनकी**-मामला इतना बढ़ गया कि रेल एसपी संजय भारती खुद वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने गौतम अग्रवाल को थप्पड़ मार दिया। गौतम अग्रवाल का कहना है कि एसपी ने उन्हें तीन थप्पड़ मारे। इस घटना का वीडियो वहां मौजूद एक वकील ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो बनाने से रोकने के लिए एसपी ने वकील का फोन भी छीनने की कोशिश की। गौतम अग्रवाल ने बताया कि थप्पड़ पड़ने से वह रातभर सदमे में रहे, रेल एसपी ने उन्हें जेल भेजने की धमकी भी दी है। इधर, वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी एमएलसी अशोक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से रेल एसपी पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को घटना का वीडियो भी भेजा है। ऐसे में अब अब देखना यह है कि इस मामले में मुख्यमंत्री क्या एक्शन लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चिनाब घाटी में भूकंप के झटके, 4.3 तीव्रता दर्ज



**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के डोडा स्थित चिनाब घाटी में रविवार सुबह 6.14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र डोडा जिले के गुंडोह इलाके में था। पिछले कुछ सालों से चिनाब घाटी में लगातार भूकंप आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी हल्की तीव्रता वाले भूकंपों से दबाव निकलता है और किसी बड़े भूकंप की आशंका कम हो जाती है।

### रावण दहन करते समय हुआ बैकफायर सांसद पप्पू यादव के पेट में घुसा रॉकेट



**पूर्णिया**। बिहार के पूर्णिया में दशहरे पर रावण दहन के दौरान एक हादसा हो गया जिसमें पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। रावण दहन के लिए पप्पू यादव ने जैसे ही पटाखे में आग लगाई तो रॉकेट से बैकफायर हुआ और उनके पेट में घुस गया, जिससे पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। वह बाल-बाल बच गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी भी तरह का हादसा नहीं हुआ, लेकिन पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। इस घटना से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पप्पू यादव के हाथ में पटाखा जलता हुआ देखा जा सकता है। उनके साथ पुलिस अधिकारी भी पटाखे को हाथ में पकड़े हैं तभी अचानक वह रॉकेट से बैकफायर हो जाता है और पप्पू यादव के पेट पर जाकर लगता है और उनकी शर्ट में आग लग जाती है। इस दौरान लोग पप्पू यादव को बचाने की कोशिश करते हैं। उनकी आंखों को हाथों से ढंकते हैं। हालांकि पप्पू यादव उस पटाखे को छोड़ते नहीं हैं। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई हो रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### दो बाइक की टक्कर में 4 की मौत

**पटना**। बिहार में नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के बढ़िया गांव के पास शनिवार रात करीब 11 बजे दो बाइक की आपस में टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। सरमेरा थाना के मुताबिक मृतकों में शेखपुरा निवासी राजन कुमार, सोनू कुमार, शशिरंजन और गया जिला के धरमुचक गांव निवासी बॉस कुमार शामिल हैं। दुर्घटना में घायल हुए सरमेरा निवासी सुराज कुमार और राज हंस कुमार का इलाज बीम्स अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक के परिजनों के मुताबिक शेखपुरा से एक ही बाइक पर 4 लोग सवार होकर मेला देखने आए थे।

# ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत पर राहुल गांधी का केंद्र पर निशाना

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की ज़िंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर- गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत का उदाहरण दिया। उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए राहुल ने कहा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही



है। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की ज़िम्मेदारियां और बलिदान समान हैं तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? राहुल गांधी ने लोगों से अपील की कि मिलकर इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।

# हर पांचवा किशोर डिप्रेशन का शिकार

## 60% युवा बेरोजगारी या कमाई कम होने की दशा में नशे के हो रहे हैं शिकार

**दैनिक शुभ भास्कर सत्य प्रकाश नारायणसहायक विधि संवाददाता / धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड - प्रदेश** पढ़ाई और बेरोजगारी के दौर में नौकरी के लेकर तनाव बना हुआ है। इसमें शामिल बच्चा किशोर है या फिर युवा हर एक के दिमाग में यही सोच है कि किस प्रकार नौकरी ले लिया जाए। सरकारी तथा गैर सरकारी अस्पतालों में संचारी रोग विभाग से लेकर मनोरोग के ओपीडी से लेकर जिले के स्कूलों में हुई मानसिक स्वास्थ्य की जांच रिपोर्ट यह बता रही है कि हर पांचवा किशोर टेंशन में जीवन बिता रहा है। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कि क्लास में टॉप करने का प्रेशर, खराब मार्क्स आने पर सहपाठियों के बीच मजाक





उड़ने का डर ,वही 13 से 17 साल के बीचका हर सातवां छात्र तनाव और डिप्रेशन में मिल रहा है। डॉक्टर मनस्वी मनोरथ के ओपीडीमें काम करने वाले डॉक्टर का कहना है कि हर रोज औसतन 15 से 25 मरीज ऐसे आते हैं जिसमें हर चौथा युवा डिप्रेशन स्ट्रेस या फिर हाइपरटेंशन की जद में मिल रहा है। 60% युवा तो बेरोजगारी या फिर मेहनत की तुलना में कम कमाई होने की दशा में नशे का आदी हो रहा हैचिकित्सा का सलाह हैकि अगर टेंशन या अवसाद लंबे समय तक बना हुआ है तो इसकी तीव्रता से मनोचिकित्सक से परामर्श कर लेना जरूरी होता हैअगर सही समय पर चिकित्सक से परामर्श लेते हैंतो मानसिक स्थिति को समय रहते ठीक किया जा सकता है और इसके लिए सबसे पहले जरूरी है कि मोबाइल और इंटरनेट का व्यवहार कम से काम किया जाए। इसके रेडिएशन से भी युवा डिप्रेशन के शिकार हो और मानसिक रूप से विक्षिप्त होते जा रहे हैं। इस पर सरकार को भी गंभीर रूप से विचार करने की जरूरत है और समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाया गया तो युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा और सुधारना असंभव वाली बात हो जाएगी ।स्पष्ट रूप से सोचने और दैनिक कार्यकलापों को करने में कठिनाई, बार-बार नकारात्मक विचारों का आना , आदत , मन ,इच्छा एवं एकाग्रता मे अचानक परिवर्तन का होना वैसी चीज को देखना और सुना जो आसपास मौजूद नहीं है,क्रोध चिंता अपराध बहुत उदासी या खुशी की लगातार अनुभूति

# लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमले के विरोध में भारत, 34 देशों के संयुक्त बयान को दिया समर्थन

**बेरुत**। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में अपने सैनिक भेजने वाले 34 देशों ने शांति सैनिकों पर इजरायली हमलों की निंदा करते हुए शनिवार को संयुक्त बयान जारी किया। भारत ने इस संयुक्त बयान को पूरा समर्थन देते हुए कहा है कि वह पूरी तरह इसके साथ है। भारत के 903 सैनिक यूएनआईएफआईएल के तहत लेबनान में तैनात हैं। इसराइल-लेबनान सीमा पर बिगड़ते हालात को लेकर भारत ने चिंता जाहिर करते हुए इसराइली कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के बयान पर अपनी सहमति जताई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पोस्ट में लिखा कि "एक प्रमुख सैनिक योगदान देने वाले देश के तौर पर भारत, 34 सैन्य योगदान देने वाले देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान से पूरी तरह से सहमत है।" शांति सैनिकों की सुरक्षा को सबसे अहम मानते हुए भारत ने कहा है कि इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के हिसाब से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि दक्षिणी लेबनान में इजरायल-हिजबुल्लाह बीच चल रही जमीनी संघर्ष में नकौरा स्थित यूएनआईएफआईएल मुख्यालय पर भी हमले हुए।

# बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा

**मुंबई**। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की शाम सरेआम हत्या कर दी गई। सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर बांद्रा खेरवाड़ी सिगनल के पास थे जब उन पर गोलीबारी हुई थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए हैं। हत्यारों ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से अपना संबंध बताया है,और लॉरेंस सलमान को मारने की घमकी दी है। बाबा सिद्दीकी के काफी करीबी दोस्त माने जाते हैं सलमान इसलिए उनकी सुरक्षा कड़ी की गई है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को हॉस्पिटल तक जाने से रोका गया है। सूत्रों की मानें



तो सलमान को पुलिस ने अस्पताल आने-जाने से मना कर दिया है और उन्हें घर में ही रहने की हिदायत दी गई है। हालांकि देर रात सलमान खान लीलावती हॉस्पिटल पहुंचे थे। यहां बताते चलें कि सलमान खान के मुंबई स्थित घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स में 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग हुई थी। यह अलग बात है कि इसमें कोई घायल नहीं हुआ था लेकिन इस दौरान सलमान घर पर ही थे और गोलियां की आवाज से ही उनकी नींद खुली थी।

# प्रोफेसर साईबाबा की मौत आंशिक रूप से यूएपीए का परिणाम : ओवैसी

## एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की निंदा, जताया शोक

एजेंसी। हैदराबाद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा की मौत आंशिक रूप से यूएपीए का भी परिणाम है, जो अभियुक्तों को लंबी अवधि तक जेल में रखने की इजाजत देता है। ओवैसी ने साईबाबा के निधन और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि एक ही दिन में मौत की दो खबर वास्तव में खौफनाक है। साईबाबा का शनिवार रात एक सरकारी अस्पताल में



ऑपरेशन के बाद निधन हो गया था। उन्हें माओवादियों से कथित संबंध मामले में सात महीने पहले बरी कर दिया गया था। ओवैशी ने कहा कि प्रोफेसर साईबाबा की मौत भी बेहद चिंताजनक है। उनकी मौत आंशिक रूप से यूएपीए का नतीजा है, जो पुलिस को बिना किसी सबूत के आपको लंबे समय तक जेल में रखने की इजाजत देता है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके में तीन लोगों ने एनसीपी नेता सिद्दीकी को गोली मार दी, जिसके बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई। ओवैसी ने बाबा सिद्दीकी की हत्या को अत्यधिक निंदनीय बताते हुए कहा कि यह महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को दर्शाता है। ओवैसी ने सिद्दीकी और उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं जताई है।

# भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ीं, अपने ही सांसदों ने घेरा

**नई दिल्ली**। भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी ही पार्टी के सांसदों का उन पर भरोसा नहीं रहा है। कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के भीतर सांसदों का एक ग्रुप जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि टोरंटो और मॉन्ट्रियल में हाल ही में हुए उप-चुनावों में हार के बाद असंतोष चरम पर पहुंच गया है, जिसके कारण असंतुष्ट सांसदों के बीच कई गुप्त बैठकें हुईं। ये सांसद प्रधानमंत्री पद से जस्टिन ट्रूडो को हटाना चाहते हैं और नेतृत्व में बदलाव के लिए कम-से-कम 20 नेताओं ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी साल जून महीने में टोरंटो-सेंट पॉल उपचुनाव में ट्रूडो की पार्टी आश्चर्यजनक



हार हुई थी, जिसके बाद से ही उनकी पार्टी में जबरदस्त असंतोष पनप रहा है। संसद की वापसी के साथ यह अशांति और बढ़ गई और मॉन्ट्रियल उपचुनाव में हार के बाद और भी बढ़ गई। एशिया में हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन में ट्रूडो और उनके चीफ ऑफ स्टाफ कैटी टेलफोर्ड की अनुपस्थिति ने निराश सांसदों को बैठक करने और आगे की रणनीति बनाने का मौका दे दिया। इससे पहले, टोरंटो स्टार के शुक्रवार के एक पुराने आर्टिकल में भी 52 वर्षीय ट्रूडो पर पद छोड़ने के लिए सार्वजनिक रूप से दबाव डालने की कोशिशों के बारे में विस्तार से बताया गया था। अखबार ने बताया कि कम-से-कम 30 से 40 सांसद एक पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं।

**ट्रूडो पर दबाव बनाना चाहते हैं लिबरल पार्टी के सांसद** : हालांकि, आर्टिकल में बताई गई संख्या से असल आंकड़े कुछ कम हो सकते हैं। ट्रूडो की लिबरल पार्टी के पास कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 153 सीटें हैं। असहमति जताने वाले नेताओं द्वारा हस्ताक्षरित इस दस्तावेज को पारंपरिक पत्र के बजाए एक प्रतिज्ञा के रूप में बताया गया है, जिसका उद्देश्य ट्रूडो के इस्तीफे के लिए सांसदों से प्रतिबद्धता हासिल करना है।

# दिल्ली में धूल प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः गोपाल राय

**नई दिल्ली**। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े साझा करते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कहा कि दिल्ली में पिछले दो साल से लगातार जनवरी से अक्टूबर तक 200 से ज्यादा अच्छे दिन रहे हैं जबकि वर्ष 2016 में मात्र 109 दिन ही अच्छे रहे थे। आमतौर पर दशहरा के अगले दिन दिल्ली का एक्यूआई खराब कैटेगरी में होता है लेकिन इस बार बारिश नहीं होने के बावजूद हवा स्वच्छ रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार से धूल प्रदूषण पैदा करने वालों को किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। अगर कोई धूल प्रदूषण फैलाता हुआ पाया गया तो एंटी डस्ट कैंपेन के तहत उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गोपाल राय ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरे उत्तर भारत और खास तौर से दिल्ली में सर्दियों का मौसम प्रदूषण लेकर आता है लेकिन आज हम लोग दशहरा के अगले दिन दिल्ली की साफ हवा के बीच सांस ले रहे हैं। आमतौर पर दशहरा के अगले दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब स्थिति में पहुंच जाती है। दिल्ली में पिछले 10 दिनों से बारिश नहीं हुई है। इसके बावजूद एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब स्थिति से बाहर है।

# नवनीत राणा को गैंगरेप की धमकी के साथ मांगी 10 करोड़ की फिरौती

**अमरावती**। पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा को धमकी भरा लेटर मिला है। लेटर में नवनीत को गैंगरेप की धमकी दी गई है। साथ ही कहा कि उनके घर के सामने गाय को काटा जाएगा। पत्र भेजने वाले ने खुद का नाम आमिर बताया है। उसने 10 करोड़ की फिरौती भी मांगी है। साथ ही पाकिस्तान जिंदाबाद भी लिखा। आरोपी ने लेटर में अपना फोन नंबर भी लिखा है। लेटर में नवनीत राणा को लेकर कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही उनके पति रवि राणा के लिए अभद्र बातें लिखी गईं। रवि राणा के निजी सहायक विनोद गुहे ने राजापेठ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। एक्ट्रेस से नेता बनीं नवनीत राणा, विवादों से नाता रहा नवनीत राणा एक फिल्म एक्ट्रेस और राजनेता हैं। नवनीत ने हिंदी, तेलुगु, कन्नड, मलयालम और पंजाबी की कई बड़ी फिल्मों में काम किया। साल 2014 में एनसीपी के टिकट से अमरावती से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाईं।साल 2019 में निर्दलीय चुनाव लड़ा। इस बार उन्होंने शिवसेना के दिग्गज नेता आनंद अडसुल को हराकर लोकसभा चुनाव जीता। 2024 लोकसभा चुनाव में वह बीजेपी में शामिल हुईं।

## ख़ास ख़बर

# सोनपुर में 20 अक्टूबर को क्षत्रिय सम्मान रैली का होगा आयोजन


**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)13 अक्टूबर 2024:-**
आगामी 20 अक्टूबर को क्षत्रिय सम्मान रैली का विशाल आयोजन सोनपुर में किया जाएगा। जिसमें बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के सदस्य भी शामिल होंगे। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार प्रदेश राजपूत करणी सेवा के अध्यक्ष अमित सिंह उज्जैन ने छपरा शहर के राजपूत छात्रावास में आयोजित एक बैठक के दौरान प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि राजपूत सभी समाज को साथ लेकर चलने के लिए जाना जाता है।उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप और बाबू वीर कुंवर सिंह इसके सजीव उदाहरण है, जिन्होंने समाज और देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है।जिसको लेकर राजपूत करणी सेवा के द्वारा क्षत्रिय सम्मान रैली का आयोजन किया गया है, जिसका आयोजन सारण के सोनपुर में आगामी 20 अक्टूबर को किया जाएगा. इस रैली के माध्यम से राजपूत करणी सेना अपनी पांच मुख्य मांगों को सरकार के समक्ष रखेगी। जिसमें बिहार के बिहटा एयरपोर्ट का नामकरण बाबू वीर कुंवर सिंह के नाम से करने, ईडब्ल्यूएस का सरलीकरण करने, क्षत्रिय कल्याण बोर्ड का गठन करने, पटना में क्षत्रिय छात्रावास के लिए जमीन आवंटित करने एवं भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांगे शामिल है।

# शिक्षक के आश्रितों को 25 लाख की सहायता राशि देने की संघ ने की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)13 अक्टूबर 2024:-**
रिविलगंज प्रखण्ड के खैरवार उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत मकेर प्रखण्ड के खलपुरा निवासी शमशाद अंसारी का निधन हृदयगति रुकने से गुरुवार को गया। जिनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शमशाद जी का निधन अपूरणीय क्षति है , स्थानीय साथियों से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले कुछ महीनों से वे बेहद तनाव में रहते है। वे अपने पीछे तीन बेटी तथा एक बेटा को छोड़कर गए है।जिनकी अब सारी जिम्मेदारी घर वालों पर है।उन्होंने कहा कि समय से पूर्व इस तरह काल के गाल में समा रहे शिक्षको की मौत का जिम्मेदार आखिर कौन है जो आये दिन सड़क दुर्घटना,नाव दुर्घटना जैसे हादसो का शिकार होते है। शिक्षक नेता ने शिक्षा विभाग से अविलंब मृत शिक्षक के आश्रितों को 25 लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा करने की मांग की । उक्त मौके पर निजाम अहमद, मुमताज जी, साबिर जी, अनिल दास, इंद्रजीत कुमार महतो,निरंजन कुमार सिंह, संतोष सिंह,राजेंद्र प्रसाद,प्रवीण जी, निरंजन जी,कमर जावेद,पीयूष तिवारी,अविनाश कुमार सिंह,हिमांशु कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## एनटीपीसी में धूम धाम से मनाया गया नवरात्रि का त्यौहार





**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छोटी देवी,प्रखंड संवाददाता नबीनगर, औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2024:** एनटीपीसी बिजली परियोजना परिसर में धूम धाम से नवरात्रि और दशहरा उत्सव का त्योहार मनाया गया। नवरात्रि के दौरान एनटीपीसी परियोजना के अंदर मां दुर्गा की आराधना के लिए धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी बिजली परियोजना के कर्मचारी एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य आकर्षण का केंद्र डांडिया नृत्य का था। डांडिया नृत्य में महिलाओं ने रंग-बिरंगे वस्त्र धारण कर हाथों में छोटे छोटे डंडा लेकर भक्ति गीतों पर झूमे रही थी। कार्यक्रम के समाप्ति के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पारंपरिक नृत्य,शंख नाद एवं धुनुची नाच प्रतियोगिता भी शामिल थे। विजयादशमी के रात्रि को रावण दहन से पहले टाउनशिप में भगवान राम की शोभा यात्रा भी निकली गई तथा कार्यक्रम का अंत रावण दहन आतिशबाजी के साथ हुआ। यह उत्सव दर्शाता है कि एनटीपीसी केवल ऊर्जा उत्पादन में ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार के आयोजन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को आदरपूर्वक सहेजते हैं।

# दुर्गापूजा में श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़

**बिहार प्रदेश का औरंगाबाद जिला मुख्यालय में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर नवमी के दिन हिन्दू धर्मशाला अवस्थित दुर्गा मंदिर में सुबह 04 बजे से श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिला। सुरक्षा की साक्ष्यप बंद व्यवस्था था भीड़ पर शांतिपूर्ण नियंत्रण के लिए पुलिस कप्तान एवं जिला पदाधिकारी को काफी सराहा गया**









# दशहरा के मौके पर अनुग्रह नारायण स्टेडियम में डांडिया नृत्य का आयोजन







**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छोटी देवी,प्रखंड संवाददाता नबीनगर, औरंगाबाद (बिहार) 13 अक्टूबर 2024:** स्थानीय अनुग्रह नारायण स्टेडियम स्थित दुर्गा पूजा पंडाल परिसर के प्रांगण में महिला शक्ति स्वरूपा के द्वारा नवरात्रि के मौके पर अष्टमी नवमी एवं दसवीं की रात्रि में डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया।जय जवान संघ दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की अगुवाई में कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गा मां की आरती और मां की भक्तिपूर्ण गानों के साथ डांडिया-गरबा से की गयी। डांडिया रास नृत्य में धार्मिक प्रासंगिकता का पारंपरिक नृत्य के रूप में मनाया जाता है। डांडिया नृत्य भारत के विभिन्न हिस्सों में और विदेशों में रहने वाले समुदायों के बीच भी होता है। यह नृत्य शैली प्राचीन है। दुर्गा मां और महिषासुर के बीच लड़ाई को दर्शाती है। इसे मुख्य रूप से नवरात्रि के शुभ समय के दौरान में किया जाता है। लोग अपने सबसे अच्छे पारंपारिक रंग बिरंगे वस्त्र पहनते हैं। दुनिया की देवी और रक्षक को हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। दुर्गा पूजा पंडाल के निकट बहुत सारी महिलाएं और लड़कियों की डांडिया और गरबा कार्यक्रम में भागीदारी रही।

# अभाविप द्वारा गरबा और दांडिया का आयोजन

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज के आर बी आर उच्च विद्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गरबा और दांडिया का आयोजन किया गया। उद्घाटन डॉ मनोज कुमार शर्मा, शुभम सिंह,राहुल कुमार, हार्दिक सिंह राजपूत एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नगर मंत्री किसू गुप्ता बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गरबा और डांडिया का प्रोग्राम किया गया। प्रारंभिक ड्रेस में ही लोगों को एंट्री दी गई है।गरबा जो है मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है ,इसीलिए विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित किया गया है। प्रारंभिक ड्रेस अनिवार्य था कि आजकल के लोग फैशन में इतना डूब गए हैं कि पुराने चीज को भूलते जा रहे हैं। आजकल के युवा छोटे-छोटे कपड़ा पहनते हैं इससे लोगों में अच्छा संदेश नहीं जाता है। हमारा संस्कार में है कि युवतियां साड़ी और सूट पहने। कार्यक्रम में युवक धोती कुर्ता और कुर्ता पजामा में पहुंचे थे। भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अनिवार्य किया गया था।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि दांडिया नाइट एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया था। विद्यार्थी परिषद अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम किया है। गरबा को भी हमारे संस्कृती में देवी का साधन के रूप में माना गया है। विलुप्त हो रहे गरबा एवं डांडिया का बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया है।शहर, महाविद्यालय एवं विभिन्न जगहों के कोचिंग सेंटर के छात्र -छात्र-छात्राओ सहित 1000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में सर्किल इंस्पेक्टर मधु कुमारी, एस आई कुशो कुमार, परमजीत मंडल, धुव कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, प्रांशु सिंह राजपूत,उज्जवल मिश्रा, सनी कुमार, रौशन कुमार, सूरज कुमार,आलोक चौरसिया,अनूप कश्यप,अंशु कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।





*दांडिया मे शामिल लोग।*

## कई जगहों पर हुई सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज मे पर्व को लेकर प्रखंड के विभिन्न जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रफीगंज के बडी दूर्गा देवी स्थान परिसर में रामलीला, कासमा थाना क्षेत्र के भिखनपुरा गांव मे नाटक,दूगूल गांव में नाटक, धमनी खैरा गांव में नवमी को जागरण एवं दशमी को आर्केस्ट्रा, गाजी कर्मा, विशम्भरपुर सहित कई जगहो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भिखनपुरा गांव मे बाल विकास संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिप शंकर यादवेन्दू ने किया। उन्होने गांव के अभिभावको को कहा कि बच्चो को अधिक से अधिक शिक्षा दें। वही बडी पूंजी है। धमनी खैरा गांव मे जागरण मंच का उद्घाटन लोजपा नेता प्रमोद सिंह ने किया। उन्होने आपसी -भाई चारा बनाये रखने पर बल दिया। दशहरा पर्व के सबंध विस्तृत चर्चा किया।कहा असत्य पर सत्य का विजय हुआ है।इस अवसर पर डा तुससी यादव, शंभू यादव, मोहन यादव, गुप्ता यादव, विलास यादव, विनोद यादव, लोहड़ी यादव, डा दीपक, राजू पासवान,एवं संजय सिंह, कपिल सिन्हा, मनोज पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे।



# शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में दशहरा पर्व सम्पन्न, कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मूर्ति का विसर्जन

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छोटी देवी,प्रखंड संवाददाता नबीनगर, औरंगाबाद बिहार 13 अक्टूबर 2024:** नबीनगर नगर पंचायत समेत प्रखंड क्षेत्र में दशहरा पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ।शनिवार को आपसी सद्भाव व भाईचारे के बीच प्रखंड क्षेत्र के चंद्रगढ़ एवं नगर पंचायत के मंगल बाजार,शर्नीचर बाजार,दास मुहल्ला,जनकपुर पोखरा,परासिया रोड समेत कई जगह की प्रतिमाओं का विसर्जन पुलिस अभिरक्षा के बीच देर रात्रि पुनपुन नदी में संपन्न हुआ। सबसे बड़ा जुलूस नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ गांव का निकला। चंद्रगढ़ का जूलुस तीन किलोमीटर की दूरी तय कर नबीनगर पहुंचा। ट्रैक्टर पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ जनकपुर पोखरा,शनिचर बाजार,मंगल बाजार,बस स्टैंड होते हुए थाना के निकट स्थित पुनपुन नदी छठ घाट पर विसर्जन किया गया। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार चंद्रगढ़ की मूर्ति के पीछे मंगल बाजार, शनिचर बाजार,दास मुहल्ला,जनकपुर पोखरा परासिया रोड की मां दुर्गे की प्रतिमा बाजार भ्रमण के साथ पुनपुन में विसर्जित किया गया। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना से निपटने के लिए जुलूस के साथ सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार,थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय,एसआई कामिनी कुमारी, राजू कुमार,संजय कुमार,जितेंद्र कुमार, गिरेंद्र कुमार समेत एसएसबी काला पहाड़ एवं जिला पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ जुलूस के साथ साथ चल रहे थे।नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष प्रभुनाथ प्रकाश ने बताया की कंचनपुर एंव बड़ेम ओपी प्रभारी सिमरन राज ने बताया की महुआंव एवं बारा तेतरिया में सोमवार को मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।







# लट्टा गांव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज के लट्टा में दुर्गा पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का उद्घाटन लोजपा के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह एवं दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया गया। भोजपुरी स्टार गोलू राजा एवं सोना सिंह का रंगारंग कार्यक्रम का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष चंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार, सुमन शर्मा, जगनारायण शर्मा, भोला शर्मा ,मोचन शर्मा, बालमुकुंद प्रसाद, बंटी शर्मा, छोटू शर्मा, मनीष शर्मा, मुन्ना शर्मा, धीरज कुमार, प्रोफेसर संतोष सिंह, सिंटू सिंह, निखिल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रफीगंज में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुयी दशहरा

- मेला एवं सभी पूजा -पंडाल मे प्रशासन की कडी चौकसी बरती गयी
- श्रद्धालूओ ने मां दूर्गा एवं काली प्रतिमा का दर्शन कर पूजा-अर्चना किया





**राष्ट्रीय शान**

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुयी दूर्गापूजा संपन्न हुयी। विभिन्न जगहों पर मेला का आयोजन किया गया। पूजा पंडाल मे मां दूर्गा एवं मां काली की दर्शन करने के लिये श्रद्धालूओ की काफी भीड रही। रफीगंज शहर के बडी दूर्गा देवि स्थान, काली स्थान, लोहार पटी देवि स्थान, चरकावां शिशू संघ ,स्टेशन परिसर, नुनिया टिल्हा , संगत ,हाजीपुर गोला, बाबूगंज देवी मंदिर, नुनिया टिल्हा, महराजगंज, शिव मंदिर एवं ग्रामीण क्षेत्र के भदवा बाजार, कासमा बाजार, दूगूल, चेवं, वराही बाजार, पौथू बाजार, पोगर, सिहूली मोड, लटा, जाखीम,गोरडीहा, कजपा, धमनी खैरा, चरकावां, बहादुरपुर, भिखनपुरा के पूजा -पंडाओ एवं मंदिरों मे मां दूर्गा एवं काली प्रतिमा का दर्शन करने श्रद्धालूओ की काफी भीड रहा।काफी संख्या में श्रद्धालू उत्साहित होकर जयकारी लगाते हुये मां दूर्गा का दर्शन कर पूजा-अर्चना किया। शहर के बडी दूर्गा देवि स्थान काली स्थान,कासमा बाजार,सिहुली मोड ,पौथू ,भदवा ,जाखीम मे मेला लगा। शहर के स्टेशन परिसर स्थित डिहवार स्थान, एवं विभिन्न जगहों मेला एवं पूजा पंडालों में प्रशासन की कडी चौकसी बरती गयी। इस मौके पर गिरिजा प्रसाद, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पवन गूप्ता, रितेश खत्री, अशोक प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद, बिनय कुमार, संजय योगी, शंभू खत्री,राजू गूप्ता, सूरज, मयंक, लाल भूषण मिश्र, रंजीत मिश्र, अनूप मिश्र, आलोक मिश्र, राजू मिश्र, सुभाष यादव, हर्ष, प्रिस, सुभाष यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# महाआरती, भंडारा एवं सम्मान समारोह



**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज के चरकावां निचलीडिह देवी स्थान परिसर में शिशू संघ द्वारा महाआरती ,भण्डारा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।महिला कीर्तन मंडली द्वारा देवी गीत की प्रस्तुती दी गयी।अध्यक्षता उपेंद्र यादव एवं संचालन सुभाष यादव ने किया। महाआरती एवं भंडारा का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, विधुत कर्मी दीपक भारती,भाजपा महामंत्री बालगोविंद साव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।आयोजको ने अतिथियों,दर्जनों स्थानीय समाजसेवी, ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओ को अंगवस्त्र , गुलदस्ता एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। अतिथियों ने क्षेत्र वासियों के सुख शांति समृद्धि के लिए मां का आशीर्वाद लिया और आयोजकों के प्रति बधाई और धन्यवाद प्रकट की। जिसमें पूजा कमिटी के सदस्य अजू शर्मा, प्रशांत कुमार, मुकेश कुमार, डॉ संतोष कुमार, ब्रजेश यादव, रौनक कुमार,विक्की कुमार,उपेंद्र यादव, अनिल साव, सूरज कुमार,किशोरी मोहन, शंभू मेहता,अशोक मेहता, निरंजन मेहता, सेराज पहलवान, बिटू मेहता, सनि मेहता , ध्रुव मेहता, धनेश यादव, बिनय यादव सहित स्थानीय श्रद्धालूओ ने हिस्सा लिया।

# एसबीआई के मेन ब्रांच बैंक की तीसरी मंजिल पर लगी आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई

**साहिबगंज** । शहर के चौक बाजार स्थित एसबीआई के मेन ब्रांच में शनिवार की शाम को आग लग गई. शाम को 5:45 बजे बैंक की तीसरी मंजिल पर लगी आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।देखते ही देखते आग की लपटें बाहर तक आने लगीं. आग लगने के कुछ ही देर के भीतर करीब 300 मीटर के दायरे में पूरा इलाका धुआं-धुआं हो गया. मौके पर मौजूद लोगों ने फौरन अग्निशमन पदाधिकारी को इसकी सूचना दी. करीब 45 मिनट के बाद दमकल के वाहन वहां पहुंचे और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए।सूचना मिलते ही साहिबगंज के शहर के नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता भी भारतीय स्टेट बैंक (SBI) पहुंचे. आग लगने की खबर मिलते ही निचले तल्ले पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बारी-बारी से हथियार व अन्य सामान को वहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया.करीब आधे घंटे बाद अग्निशमन







विभाग ने आग पर काबू पा लिया. आग लगने से कितने का नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है. जिस कमरे में आग लगी है, उसमें लोन डिपार्टमेंट से जुड़े कागजात रखे हुए थे. उसी में फील्ड ऑफिसर के कार्यालय भी हैं.मौके पर मौजूद भगवती तंबाखू वाला, विकास गुप्ता, गोपाल चोखानी, शौरब कुमार, सहित कई लोगों ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले अपने स्तर से ही आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए थे. अग्निशमन विभाग की गाड़ी काफी देर से पहुंची.आग लगने के कारणों के बारे में कोई कुछ नहीं बता रहा, लेकिन अधिकारियों का अनुमान है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से बैंक में आग लगी होगी. स्टेट बैंक में आग लगने की सूचना मिलने पर सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार,नगर पार्षद पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह,सदर सीओ वास्कीनाथ टूटू,नगर थाना एसआई प्रमोद कुमार,भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली.ओर सभी पदाधिकारियों ने आग बुझाने में सहयोग की.बैक बंद होने के कारण अग्निशमन को आग से काबू पाने के लिए कभी दिक्कत का सामना करना पड़ा.आग बुझाने के दौरान दो लोग बैक के भीतर फस गए थे.उस व्यक्ति को निकालने के लिए सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार,नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता,नगर पार्षद पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह,ने मिलकर उस व्यक्ति का जान बचाया।

# दुर्गा पूजा के व्यस्तता के बावजूद भी समर्पण एक नेक पहल संस्था ने जारी रखा मानव धर्म का कार्य

**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता,वरीय संवाददाता**
**धनबाद (झारखंड), 13 अक्टूबर 2024** : कतरास निचितपुर क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर में इलाजरत 45 वर्षीय मरिज सूरजमनी देवी डेंगू से पीड़ित होने का कारण उनके शरीर में प्लेटलेट्स की मात्रा लगातार कम होते चले जा रही थी जिसके कारण डॉक्टर ने तत्काल चार यूनिट एबी पॉजिटिव प्लेटलेट्स व्यवस्था करने के लिए मरीज के परिजन से कहा मरीज के परिजन ने प्रयास किया परंतु प्लेटलेट्स की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी तत्पश्चात परिजन ने इसकी सूचना सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को देते हुए प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने का आग्रह किया दुर्गा पूजा के दस्त के बावजूद भी चौहान ने 2 यूनिट प्लेटलेट्स श्रीनिवास ब्लड सेंटर से मरीज के लिए प्रदान करने का आग्रह किया और इसके बदले में एक रक्तवीर



आकाश कुमार ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर में रक्तदान किया तथा 2 यूनिट प्लेटलेट्स धनबाद के सरकारी ब्लड बैंक शहीद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से प्रदान करने का आग्रह किया और इसके बदले में रक्तवीर पिनाकी हलदर ने रक्तदान किया जिसे जरूरत पड़ने पर आपातकालीन स्थिति में किसी भी मरीज को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। इस प्रकार मरीज को कुल 4 यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध कराई गई आगे अधिक आवश्यकता पड़ने पर संस्था के द्वारा इनकी पूरी मदद करने की बात कही गई है।

# सड़क नही तो चुनाव के समय हैसियत दिखाएंगेः ग्रामीण

**बोरियो**। प्रखंड क्षेत्र के तेलों पंचायत अंतर्गत छोटा बयासी गांव में 150 घरों का परिवार आजादी के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित हैं। इस गांव में आने जाने के लिए आजादी के बाद भी अब तक पक्की सड़क नही बन पाई। जिसके चलते लोगों को कीचड़मय रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को उक्त मार्ग से आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि कच्ची मार्ग को पक्की सड़क किए जाने को लेकर विधायक, मुखिया, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद किसी जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों की समस्या को दूर करने की जरूरत नहीं समझी। आनंद सिंह, निर्मल राय का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि तरह तरह के वादे कर वोट ले लेते हैं। जबकि चुनाव बीतने के बाद ग्रामीणों की समस्या को भूल जाते हैं। जनप्रतिनिधियों के इस रवैये




से इस टोला के ग्रामीणों में आक्रोश है। टोला निवासी सकमा देवी ने बताया कि टोला आने जाने वाली एक मात्र कच्ची सड़क में बरसात के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को होता है, गर्भवती महिलाओं को छोटा बयासी से लेकर रंगा तक 2 किलोमीटर दूर पक्की सड़क तक खटिया पर लाद कर ले जाया जाता है। टोला के ग्रामीण आजादी के इतने वर्षों बाद भी सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उदासीन

♦ **आधे लोगों को दिया जाता है राशन**

रवैया के कारण समस्याएं मुंह बाएं खड़ी है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि या जिप सदस्य अपने स्तर से टोला के ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने का काम करें। ऐसा नहीं होने पर आने वाले चुनाव में यहां की जनता जनप्रतिनिधियों को अपना हैसियत दिखाने का काम करेगी। वही ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक माह से मिलने वाला राशन भी डीलर के द्वारा हड़प लिया जाता है आधे लोगों को दिया जाता है आधे लोगों को नही दिया जाता है, महिलाओं का कहना है कि डीलर के साथ साथ सहिया का भी काम करती है लेकिन गर्भवती महिलाओं को कोई मदद नहीं करती है। तेलों पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बबलू मुर्मू ने बताया कि डीएमएफटी फंड के लिए चढ़ा दिया गया बहुत जल्द पक्की सड़कें बना दिया जाएगा। इस मौके पर आनंद सिंह, निर्मल राय, सकमा देवी, गीता देवी, पूर्ण देवी, शोभा कुमारी, रिंकू देवी, मास्टर सिंह, गोबिंद सिंह सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# कृषि मंत्री ने मेहरमा के नए थाना भवन का किया उद्घाटन

## एसपी, एसडीपीओ, सीओ सहित थानाध्यक्ष रहे मौजूद






**प्रेम शंकर मिश्रा मेहरमा ( गोड्डा )**: रविवार को सूबे की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने लगभग 3 करोड रुपए की लागत से बने मेहरमा के नए थाना भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान सहित अंचलाधिकारी मौजूद रहे। श्रीमती पांडेय ने कहा कि इस नए थाना भवन से जहां क्षेत्र के फरियादियों को आराम मिलेगा, वहीं यहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी सुविधा मिलेगी। 2 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से बने आधुनिक तकनीक से लैस इस थाना भवन का लाभ थाना क्षेत्र के लोगों को मिलेगा और अपराध नियंत्रण में सहूलियत होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर हरि किशोर मंडल, मेहरमा थाना प्रभारी नीतीश अश्विनी, बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे, पुअनि विधान चंद्र पटेल,सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिसमें रत्नेश सिंह,20 सूत्री अध्यक्ष शशांक शेखर सिन्हा, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र शेखर आजाद, गोविंद चनानी, रंजन सिंह, आत्मानंद पांडेय, रेनू भगत, अरविंद झा, प्रवेज अख्तर, केदार राम, पवन सिंह, पूर्व उप प्रमुख मनींद्र सिंह, मोहम्मद औरंगज़ेब मुख्य रूप से शामिल थे।

# विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह का जरीडीह प्रखंड को तोहफाः सौर उर्जा संचालित पानी टंकी का शुभारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर, साजिद ,ब्यूरो चीफ ,बोकारो, (झारखंड)**। बेरमो विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनूप सिंह ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे जरीडीह प्रखंड के तांतरी मुस्लिम टोला स्थित मस्जिद में रहने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा। उन्होंने 11 अक्टूबर 2024 को ऑनलाइन शुभ शिलान्यास करके 4 लाख 7 हज़ार रुपये की लागत से डीप बोरिंग सौर उर्जा संचालित पानी टंकी निर्माण परियोजना की शुरुआत की है. इस अवसर पर विधायक अनूप सिंह के अलावा सहयोगी साथी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह परियोजना न केवल क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल प्रदान करेगी, बल्कि सौर उर्जा के उपयोग से पर्यावरण की भी रक्षा करेगी। विधायक अनूप सिंह की इस पहल की सराहना की जा रही है, जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी यह पहल






क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगी।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण का पुतला शहरपुरा शिव मंदिर सिंदरी में धू -धू कर जला

**दैनिक शुभ भास्कर**
**धनबाद ,संवाददाता**
**धनबाद (झारखंड ),13 अक्टूबर 2024: सिंदरी** । असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण का पुतला सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर में शुक्रवार को धू -धू कर जल उठा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने फीता काटकर इस महोत्सव का उद्घाटन किया। दोपहर 1 बजे से शिव मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में बच्चों, महिला व पुरुषों का जुटान शुरू हो गया था। लगभग 4 बजे शिव मंदिर सचिव दिनेश सिंह के नेतृत्व में दशहरा का आकर्षण राम, लक्ष्मण और हनुमान की झाँकी निकाली गई और नगर भ्रमण कराया गया। इसमें युवकों ने पारंपरिक हथियारों से लैस होकर शस्त्र प्रदर्शन किया। शाम लगभग 6 बजे भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के आगमन पर सचिव





दिनेश सिंह ने बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने फीता काटकर रावण दहन महोत्सव का उद्घाटन किया। इसके बाद आतिशबाजी शुरू हुई और लगा मानो रंग बिरंगे आतिशबाजी से पूरा आसमान ढक गया हो। ढोल नगाड़ों की ध्वनि के बीच राम रावण युद्ध को दर्शाते हुए राम के तीर के साथ रावण का पुतला धू धूकर जल उठा। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण वध का दीदार हजारों लोगों ने किया। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि बीआईटी सिंदरी निदेशक डॉ पंकज राय व आप पार्टी के प्रदेश संयोजक डी एन सिंह सह धर्मपत्नी निर्मला सिंह, सम्मानित अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, विहिप बजरंग दल महामंत्री सोनू गिरी, राजू तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू, वशिष्ठ नारायण सिंह को अंगवस्त्र और बुके देकर शिक्षिका सुष्मिता राय, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, विदेशी सिंह, सुनिल सिंह, रासबिहारी सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश सिंह, मनीभूषण सिंह ने सम्मानित किया।

मौके पर अरुण कुमार सिंह, रणधीर सिंह, विरेंद्र सिंह, अजय सिंह, रावण के पुतला कलाकार राजन तिवारी, कुंदन सिन्हा, रंजीत निषाद, लोगेन हेम्ब्रम, राहुल टुडू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला, स्वास्थ्य भवन बड़ी में आयोजित

**सुनील कुमार मिश्रा दैनिक शुभ भास्कर राजस्थान उदयपुर**। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर बामनीया अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रागिनी अग्रवाल , जिला कार्यक्रम समन्वयक शरद पाटीदार एव डॉ महेंद्र सिंह राठौड़ नोडल सहायक आचार्य आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर इस कार्यशाला में समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला उदयपुर एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शक उपस्थित थे । एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत बुक किए जाने वाले क्लेम और उनमे आ रही समस्याओं की समीक्षा की गई । मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर लाल बामनीया ने निर्देश दिये कि सभी अस्पताल



केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना में लाभार्थी को योजना में लाभ देना सुनिश्चित करे । कोई भी लाभार्थी जो की राजकीय अस्पताल में ईलाज हेतु आता हैं उन्हें निःशुल्क ईलाज की संपूर्ण व्यवस्था की जाये किसी भी मरीज़ से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए । अधिकतम पैकेज बुक किए जाए , न्यू बायोमेट्रिक मशीन L1 क्रय करने संबंधित निर्देशित किया गया । ज़िला अस्पताल ,उप ज़िला अस्पताल , सेटेलाइट अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुक किए जाने वाले पैकेजो की सूची , पैकेज बुक करते समय ध्यान रखने योग्य बिन्दू, क्लेम क्वेरी और रिजेक्शन रोकने हेतु उपाय की विस्तृत में जानकारी डॉ महेंद्र सिंह राठौर द्वारा दी गई । डॉ राठौर द्वारा आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर द्वारा की गये नवाचार RRR सेतु रेफरल सिस्टम की जानकारी समस्त प्रतिभागियों की दी गई कैसे आप अपने स्तर से ग्रामीण मरिजो को आपातकालीन अवस्था में सेतु ऐप का उपयोग करके मेडिकल कॉलेज में रेफेर कर सकते हैं जहां पर मेडिकल टीम द्वारा उन्हें आपातकालीन में ईलाज दे कर मरीज़ की जान बचाई जा सकती हैं । ज़िला नोडल अधिकारी एवम् डॉ रागिनी अग्रवाल द्वारा दिशा निर्देश दिये गये कि अस्पताल द्वारा बुक किए जाने वाले पैकेज से आर एम आर एस में आय अर्जित है जिसका उपयोग अस्पताल अपनी सुविधा में विस्तार , मरम्मत , उपकरण ख़रीद में किया जा सकता हैं अतः समस्त अस्पताल दैनिक रूप से अधिकतम पैकेज बुक करके राजस्व अर्जित करने में सहयोग करे ।

# आमटाल दुर्गा मंदिर में महाष्टमी के शुभ अवसर पर महिलाएं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का हुआ आयोजन






**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता,वरीय संवाददाता**
**धनबाद (झारखंड),13 अक्टूबर 2024**: बलियापुर -आमटाल पंचायत के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा महा अष्टमी के शुभ दिन के अवसर पर सक्रिय युवाओं ने बच्चों एवं महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमें विभिन्न तरह के आयोजन था जैसे सामान्य ज्ञान के प्रश्न, म्यूजिकल चेयर ,गीत –संगीत, मोमबत्ती जलाना,छोटे-छोटे बच्चों के लिए नित प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए शंख बजाने प्रतियोगिता आदि जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दी एवं महिलाओं ने उत्सुकता के साथ शंख बजाने के प्रतियोगिता में अपना भागीदारी दी इस प्रतियोगिता को देखने के लिए गांव के सभी टोला से बच्चे ,बुजुर्ग ,युवा, महिला देखने आए थे। इस आयोजन से सभी बहुत ही खुश थे एवं युवकों के इस कार्य के लिए सभी सराहना कर रहे थे इस आयोजन को सफल करने के लिए रॉकी चटर्जी, गौतम चंद्र,आकाश माझी, अचिंत चटर्जी, धनंजय ग्राचार्य,उज्जवल चक्रवर्ती ,सीमांत चक्रवर्ती, राकेश चक्रवर्ती शुभ चक्रवर्ती, बिट्टू चटर्जी ,लालतू चटर्जी, जीत चटर्जी ,साधन चक्रवर्ती आदि।

## वांगचुक ने आवाज उठाई

सोनम वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। लेकिन केंद्र उनसे संवाद तक करने को तैयार नहीं है। समझना मुश्किल है कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी शिकायतें सरकार तक पहुंचाने दिल्ली आए सोनम वांगचुक और उनके समर्थकों को क्यों सिंघु बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया गया? वांगचुक गांधी जयंती के मौके पर राजधानी आकर अपनी वे शिकायतें सरकार को बताना चाहते थे, जिनको लेकर कई महीनों से वे शक्तिशाली जन आंदोलन चला रहे हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने लद्दाख में अपनी मांगों के समर्थन में लंबा उपवास भी रखा था। लद्दाख में उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि उन्हें हिरासत में लिए जाने की खबर पहुंचते ही स्वतःस्फूर्त ढंग से पूरे इलाके में आम हड़ताल हो गई। वांगचुक की निर्दलीयता निर्विवाद है। जिस समय कश्मीर में अधिकांश ताकतें धारा 370 हटाने के खिलाफ थीं, वांगचुक ने इस कदम और लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने का समर्थन किया था। लेकिन जब उन कदमों से लद्दाख की उम्मीदें पूरी नहीं हुई, तो वांगचुक ने आवाज उठाई। इसी बीच चीन ने लद्दाख के बड़े इलाके में घुसपैठ कर ली, जिससे वहां के चरवाहों की जमीन उनकी पहुंच से बाहर हो गई। वांगचुक ने यह सवाल भी उठाया। शायद यही बात नरेंद्र मोदी सरकार को चुभ गई, क्योंकि ये मसला उसकी दुखती नब्ज है। वांगचुक और उनके डेढ़ सौ समर्थकों ने एक सितंबर को लेह से दिल्ली तक पैदल यात्रा शुरू की थी। 30 सितंबर को जब यात्रा सिंघु बॉर्डर के रास्ते दिल्ली में दाखिल हुई, तो पुलिस ने वांगचुक और उनके समर्थकों को हिरासत में ले लिया। लद्दाख के लोग पिछले पांच साल लद्दाख में विधानसभा बनाने, लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। इनके अलावा लेह और कारगिल के लिए लोकसभा की सीटें और राज्यसभा में भी प्रतिनिधित्व की भी मांग है। वांगचुक ने चीनी कब्जे से लद्दाख के इलाके को छुड़ाने की मांग भी रखी है। इसके अलावा चूंकि वे पर्यावरणवादी कार्यकर्ता हैं, इसलिए लद्दाख के बिगड़ते पर्यावरण को संभालने के कदम उठाना भी उनकी एक प्रमुख मांग है। मगर सरकार को इन मांगो से परेशानी है। उनसे संवाद तक करने को वह तैयार नहीं है।

## देश में कई दल परिवारवाद से ग्रस्त

द्रमुक के मुखिया और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी करते हुए अपने 46 वर्षीय पुत्र उदयनिधि स्टालिन को उप-मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया। 29 सितंबर को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा उदयनिधि के साथ चार और मंत्रियों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तमिलनाडु और द्रमुक में ऐसा पहली बार नहीं है, जब पिता मुख्यमंत्री और बेटा उप-मुख्यमंत्री रहे हो। भारतीय राजनीति को परिवारवाद किस प्रकार अपनी ज़द में ले चुका है, तमिलनाडु का हालिया घटनाक्रम उसका उदाहरण है। यहां द्रविड़ मुनेत्र कडग़म (द्रमुक) के मुखिया और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पार्टी के भीतर वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी करते हुए अपने 46 वर्षीय पुत्र उदयनिधि स्टालिन को उप-मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया। 29 सितंबर को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा उदयनिधि के साथ चार और मंत्रियों को पद-गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तमिलनाडु और द्रमुक में ऐसा पहली बार नहीं है, जब पिता मुख्यमंत्री और बेटा उप-मुख्यमंत्री रहे हो। वर्ष 2009 में एमके स्टालिन को भी उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री एम।करुणानिधि ने उप-मुख्यमंत्री बना दिया था। जहां स्टालिन की चुनावी राजनीति की शुरूआत वर्ष 1984 में हुई, तो वही स्टालिन के बेटे उदयनिधि पहली बार वर्ष 2021 में विधायक चुने गए। डेढ़ साल बाद ही उदयनिधि मंत्रिमंडल में शामिल हो गए, तो अब वे राज्य के उपमुख्यमंत्री है। ये वही उदयनिधि है, जिन्होंने गत वर्ष सनातन संस्कृति की डेंगू-मलेरिया-कोरोना आदि बीमारियों से तुलना करते हुए उसे समाप्त करने की बात कही थी। करुणानिधि परिवार की तीसरी पीढ़ी उदयनिधि का हालिया प्रमोशन ऐसे समय हुआ है, जब द्रमुक अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। वर्ष 1949 में सी।एन। अन्नादुरै ने पार्टी की स्थापना की थी। 1969 में उनकी मृत्यु के बाद पार्टी की कमान करुणानिधि के पास चली गई, जो तब प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बने। उन्होंने अपने परिवार को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने बेटे स्टालिन को उत्तराधिकारी बनाने की हठ ने वैको जैसे नेताओं को दरकिनार कर दिया, जो तब करुणानिधि के बाद पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त थे। इस कलह के कारण 1994 में द्रमुक का विभाजन हो गया। पार्टी में स्टालिन को अगली चुनौती उनके ही बड़े भाई एम।के। अलागिरी से ही मिली, जिन्हें 2014 में पार्टी से निकाल दिया गया। करुणानिधि की बेटी कनिमोझी पार्टी की लोकसभा सांसद है। द्रमुक के भीतर स्टालिन के बाद उदयनिधि के उभार के खिलाफ बहुत कम चुनौती दिखती है। गांधीजी परिवारवाद के मुखर विरोधी थे।

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा



आर.के. सिन्हा

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदमों पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे, और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह ही धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर ही रहना पसंद करते थे और एक शर्मीले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे। रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी भी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन –पोषण किया। बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ। दरअसल रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। रतन टाटा ने वक्त रहते ही टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े I इसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं। एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय



लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे। रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा। इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में "समाज सेवा" है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी । शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है ।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो "माई डियर जेआरडी " के नाम से प्रसिद्ध है ।स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि "आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो । मेरी शुभकामना है कि और ज़्यादा धन अर्जित करो और ज़्यादा लोगों को रोज़गार दो । लेकिन , विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो । मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे ।" स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज " इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस " के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है , या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज़्यादा आईआईएस में जाना ज़्यादा पसंद करते हैं।

अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यो पर फोकस देना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अब देश को नोएल टाटा से यह आशा है कि वह अपने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखेगा।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# भविष्य की राह : ईवी चार्जिंग के लिए दिशानिर्देश, 2024

समीर पंडिता

भारत का लक्ष्य 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करना है, इसलिए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) परिवहन क्षेत्र को कार्बन-मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, ईवी को व्यापक रूप से अपनाना एक विश्वसनीय और सुलभ चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर करता है। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और संचालन के लिए दिशानिर्देश 2024 जारी किए हैं। यह देश भर में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में तेज़ी लाने के लिए डिज़ाइन किया गया एक ढांचा है। एक मज़बूत ईवी चार्जिंग नेटवर्क का निर्माण न केवल सुविधा के लिए बल्कि ऊर्जा, सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा का लाभ उठाने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस विकास से नए उद्योग सृजन, रोज़गार पैदा करने और नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी तकनीक और स्मार्ट ग्रिड सिस्टम में नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश 2024 की मुख्य विशेषताएं

दिशानिर्देश 2024 शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों एवं दोपहिया वाहनों से लेकर भारी-भरकम ट्रकों तक, विभिन्न प्रकार के वाहनों की ज़रूरतों को पूरा करने वाले चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तेज़ गति से विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रदान करते हैं। दिशा-निर्देश 2024 की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं: सार्वजनिक और निजी चार्जिंग स्टेशनः दिशा-निर्देश 2024 में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित अंतराल पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण अनिवार्य किए गए हैं, ताकि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच सुनिश्चित किया जा सके। ईवी को प्रोत्साहित करने के लिए इसकी उपलब्धता महत्वपूर्ण है। वे आवासीय परिसरों, कार्यालयों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में निजी चार्जिंग पॉइंट को बढ़ावा देते हैं। यह व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए पहुंच को सरल बनाते हैं और शहरी और उपनगरीय निवासियों के बीच ईवी अपनाने को और बढ़ावा देते हैं। एक इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ता के रूप में, आपको दिल्ली से शिमला की यात्रा करते समय अपनी ईवी बैटरी चार्ज करने की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। आपको राजमार्ग पर प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक चार्जिंग प्वाइंट मिल जाएगा। शहर में आने के बाद, आप बिना किसी चिंता के अपने घर या कार्यालय में चार्ज कर सकते हैं।

**पारस्परिकता (इंटरऑपरेबिलिटी)** : दिशा-निर्देश 2024 की एक प्रमुख विशेषता विभिन्न चार्जिंग नेटवर्क के बीच पारस्परिकता पर जोर देना है। इसका मतलब है कि ईवी उपयोगकर्ता चार्जिंग उपकरण के निर्माता या वाहन के प्रकार की चिंता किए बिना किसी भी चार्जिंग स्टेशन पर अपने वाहन चार्ज कर सकेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व्यापक रूप से सुलभ और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल हो। ईवी उपयोगकर्ताओं के लिए, पारस्परिकता संभावित रूप से कम शुल्क के साथ कई चार्जिंग नेटवर्क तक पहुंच को सक्षम करके अधिक सुविधा, लचीलापन, कम रेंज की चिंता, लागत बचत प्रदान करती है। इसलिए, अगली बार जब आप यात्रा करेंगे, तो आप हाईवे पर या शहर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन पर अपने ईवी को चार्ज करने के लिए लंबी कतार में इंतजार करते हुए निराश नहीं होंगे। चार्जर्स की पारस्परिकता के लिए धन्यवाद, आप निकटतम चार्जिंग स्टेशन का अविलंब पता लगाने के लिए किसी भी चार्जिंग सेवा प्रदाता के मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं।

स्मार्ट चार्जिंगः दिशा-निर्देश 2024 स्मार्ट चार्जर्स के उपयोग को बढ़ावा देते हैं, जो ऊर्जा खपत को अनुकूलित करने के लिए ग्रिड प्रबंधन प्रणालियों के साथ एकीकृत होते हैं। स्मार्ट चार्जर उपयोगकर्ताओं को व्यस्त समय के अलावा (ऑफ-पीक) चार्जिंग सत्र शेड्यूल करने से बिजली की मांग कम होती है। इससे लागत कम होती है और पावर ग्रिड पर बोझ कम करता है। स्मार्ट चार्जर उपयोगकर्ताओं को ऑफ-पीक घंटों के दौरान चार्जिंग शेड्यूल करके लागत कम करने में सक्षम बनाता है। यात्रा के लिए चार्जिंग स्टेशन की उपलब्धता पर वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करते हैं। एक डिस्कॉम के रूप में, आप अपने ग्रिड को स्थिर करने में मदद करने के लिए स्मार्ट ईवी चार्जर्स को प्राथमिकता देंगे।

**सुरक्षा और विश्वसनीयता मानकः** दिशा-निर्देश 2024 में चार्जिंग स्टेशनों के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अनिवार्य किया गया है, जिसमें अग्नि सुरक्षा, विद्युत खतरे से सुरक्षा और स्पष्ट संकेत शामिल हैं, जो सार्वजनिक स्टेशनों के लिए उपयोगकर्ता की चिंताओं को कम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, उन्हें अनुपलब्ध चार्जिंग पॉइंट के कारण ड्राइवरों को फंसे रहने से बचाने के लिए राजमार्ग स्टेशनों पर निर्बाध सेवा की आवश्यकता होती है। इसलिए, एक ईवी उपयोगकर्ता के रूप में, सुरक्षित, उच्च-गुणवत्ता वाले और विश्वसनीय चार्जर होने का मतलब है कि आपको बिजली के झटके, आग या किसी खराबी जैसे संभावित खतरों के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। इससे आपको मन की शांति मिलती है और आपका वाहन सुरक्षित रूप से चार्ज होता है। साथ ही, विश्वसनीय चार्जर के साथ, आप दोषपूर्ण उपकरणों के कारण आप रास्ते में फंसेंगे नहीं और इससे आपकी यात्रा आसान और तनाव मुक्त रहेगी। निजी निवेश को प्रोत्साहन एवं बढ़ावाः सरकार ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भूमि की उपलब्धता बढ़ाने हेतु अभिनव व्यवसाय मॉडल को प्रोत्साहित करने के लिए कई तरह के वित्तीय प्रोत्साहन दे रही है। इन उपायों का उद्देश्य ईवी चार्जिंग पर लागत कम करना और विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में इसकी स्थापना को सरल बनाना है। इस संबंध में जारी दिशा-निर्देश सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में तेज़ी लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। निजी क्षेत्र के संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, स्थानीय सरकारें ईवी चार्जिंग नेटवर्क का अधिक कुशलता से विस्तार कर सकती हैं। चार्जिंग व्यवसाय में निवेश करने को उत्सुक एक चार्ज पॉइंट ऑपरेटर के रूप में आपको पता चलता है कि चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने से जुड़ी सबसे बड़ी लागत भूमि है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग, सस्ती भूमि तक पहुंच और प्रचार आपूर्ति शुल्क की उपलब्धता के साथ, आप अपने शुरुआती निवेश और परिचालन व्यय को काफी कम कर सकते हैं। रणनीतिक स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करके, आप ईवी चलाने वालों को बेहतर सेवा दे सकते हैं और अधिक मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान दे सकते हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है।

**अक्षय ऊर्जा** : ईवी के संबंध में दिशा-निर्देश सौर और पवन जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों के साथ चार्जिंग स्टेशनों को जोड़ने को बढ़ावा देते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि ईवी स्वच्छ ऊर्जा से संचालित हों और उनके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करें। आप अपने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और अपनी चार्जिंग लागत को कम करने के लिए अपनी ईवी बैटरी को अक्षय ऊर्जा से चार्ज करना पसंद करेंगे। आप छूट का लाभ उठाने के लिए सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच सौर घंटों के दौरान सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन, निवास या कार्यालय में चार्ज करना पसंद करेंगे।




**मेष राशि**–आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद अवश्य लें और उनका मान-सम्मान व आदर करें।

**वृष राशि**–आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य में फायदेमंद साबित होगी। आज काम जिस तरह चल रहे हैं, अभी उनमें किसी तरह का भी बदलाव लाने की कोशिश ना करें। अगर व्यवसाय में कोई नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है।

**मिथुन राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी मित्र से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज नकारात्मक सोच से बचने की कोशिश करें। बेहतर होगा ज्ञानवर्धक और उत्तम साहित्य पढऩे में अपना समय लगाएं।

**कर्क राशि**–आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे नई ऊर्जा और स्फूर्ति महसूस करेंगे। कोई खास कार्य सिद्धि भी संभव है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आप किसी जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे जहां आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी।

**सिंह राशि**–आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**कन्या राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी से सलाह लेनी चाहिए। अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**तुला राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज किसी से अनबन की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें। आज लंबी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें। आज किसी काम में जल्दबाजी और गुस्सा नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से हो जाएगा।

**वृश्चिक राशि**–आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

**धनु राशि**–आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा। आज कोई सुखद समाचार मिलने से भावनात्मक रूप से आप अपने आपको बढिय़ा महसूस करेंगे। आज कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर बिताएंगे।

**मकर राशि**–आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर-एंड-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा। आज अपने मनोबल को मजबूत बनाने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेंगे।

**कुंभ राशि**–आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। ऑफिस में कुछ राजनीति जैसा माहौल रह सकता है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने का भी प्रोग्राम बनेगा। आज आपके व्यवहार में पॉजिटिव बदलाव आयेगा, इससे घरवाले आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मीन राशि**–आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं।

## शब्द सामर्थ्य -206

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 205 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सूडोकु नवताल- 7218

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल - 7217 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# ख़ास ख़बर

## बजरंग दल के द्वारा लगाया गया सेवा शिविर



**फारबिसगंज** । दुर्गा पूजा के मेले बजरंग दल के द्वारा श्रद्धालुओं के बीच स्टॉल लगाकर पीने का पानी का वितरण किया गया बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजन मनोज सोनी की अध्यक्षता में घूरना बाजार सहित जिले के कई स्थानों पर सेवा शिविर लगाकर मेले में घूम रहे श्रद्धालुओं को शुद्ध पीने का पानी पिलाया गया। वही श्री सोनी ने कहा बजरंग दल के द्वारा कई सालों से दशहरा मेले में नवमी और दशमी के पावन अवसर पर कई सालों से सेवा कार्य चलाई जा रही है जो आगे भी चलता रहेगा उन्होंने कहा बजरंग दल सेवा सुरक्षा संस्कार के नाम से पूरे देश और विदेश में प्रसिद्ध है बजरंग दल के इस कार्य से पूरे देश भर में कार्यकर्ताओं को सराहना मिल रही है । सेवा कार्य में आम भूमिका निभाने वाले बजरंग दल के पूर्व जिला संजय मनोज सोनी, अरुण मुखिया, विशाल पासवान, विनय शाह, शिव कुमार पासवान, संजू मुखिया, रोहित सोनी शहीद कई कार्यकर्ता मौजूद थे

## शस्त्र पूजा का आयोजनः विश्व हिंदू परिषद की पहल

**अररिया** । विश्व हिंदू परिषद द्वारा सार्वजनिक ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार भगत, आईटी सेल के शुभम चौधरी, नगर संयोजक सूरज कुमार रंजन, कुमार सिद्धार्थ कुमार, और दुर्गा वाहिनी सहसंयोजक शिवानी कुमारी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस पूजा कार्यक्रम का उद्देश्य संस्कृति और परंपराओं को सहेजना तथा समाज में एकता का संदेश फैलाना था।



शस्त्र पूजा में सभी उपस्थित लोगों ने विधिपूर्वक पूजा अर्चना की और देश की रक्षा के लिए शस्त्रों का महत्व समझाया। कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने एकजुटता और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में अपने शस्त्रों को पूजा किया। आयोजन ने सभी के बीच एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया, और उपस्थित जनों ने इस प्रकार के आयोजनों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## अररिया में माँ दुर्गा के विसर्जन में शामिल राजद नेता मंडल अविनाश आनंद

**अररिया**। राजद नेता मंडल अविनाश आनंद ने नगर में आयोजित माँ दुर्गा के विसर्जन समारोह में भाग लिया। अविनाश आनंद ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह एकता और सामुदायिक भावनाओं को भी मजबूत करती है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी और सभी से अपील की कि वे आपसी भाईचारे को बढ़ावा दें। विसर्जन कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भी बड़ी संख्या शामिल हुई, जिन्होंने भव्य जुलूस के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया। समारोह के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी श्रद्धा अर्पित कर सकें।



## नीलकंठ के दर्शन के लिए काली मंदिर में उमड़ी भक्तों के भीड़

### दशहरा के दिन नीलकंठ को देखना होता है शुभः नानू बाबा



**अररिया**। विजयादशमी के पक्षी निलकंठ का दर्शन को शुभ माना जाता है।वर्षों से साधक नानु बाबा द्वारा विजयादशमी दर्जनों निलकंठ उड़ाया जाता है।शनिवार को विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी काली मंदिर में नीलकंठ का दर्शन के लिए भक्तों की काफी भीड़ देखी गयी। इस दौरान हजारों भक्तों ने नीलकंठ का दर्शन किये।जिसके बाद मां खड्गेश्वरी के साधक नानू बाबा ने नीलकंठ को उड़ा दिये। नानु बाबा ने बताया कि दशहरा के नीलकंठ पक्षी को भगवान का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरा पर्व पर इस पक्षी के दर्शन को शुभ व भाग्य को जगाने वाला माना जाता है। जिसे दशहरे के दिन हर व्यक्ति नीलकंठ का दर्शन करना चाहते है।नीलकंठ पक्षी के दर्शन हो जाने से भक्तों का दिन हमेशा शुभ कार्य बनता रहता है। इस दिन नीलकंठ के दर्शन होने से घर के धन-धान्य में वृद्धि होती है, व फलदायी एवं शुभ कार्य घर में अनवरत् होते रहते हैं। बाबा बताते है कि निलकंठ के दर्शन की परंपरा बरसों से जुड़ी है।मौके अरुण मिश्र, अखिलेश दास, शशिकांत दूबे, शंकर माली, गुड्डू सिंह, मनोज मिश्र, गब्बर कुमार, हेमंत कुमार हीरा, रौशन दूबे आदि भक्तगण मौजूद थे।

# अररिया में नहाने के दौरान डूबने से दो सगे भाइयों की मौत, गहरे पानी में जाने से हादसा, गांव में पसरा मातम

**अररिया**। जिले के रानीगंज थाना इलाके में फरियानी नदी में नहाने गए दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गयी। बड़े भाई अलकमा की उम्र 12 वर्ष है, जबकि छोटे भाई हनजला की आयु नौ साल है। दोनों विस्टोरिया पंचायत के डुमरिया गांव निवासी मोहम्मद कलीमुद्दीन के बेटे थे। घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मचा हुआ है।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बच्चे अररिया में रहकर पढ़ाई करते थे, जबकि उनके पिता चेन्नई में काम करते है।दो दिन पहले ही दोनों बच्चे छुट्टी पर घर आये थे।

रविवार को दोनों बच्चे गांव के अन्य बच्चों के साथ नहाने के लिए फरियानी नदी के नसीर घाट गये थे। इसी दौरान दोनों बच्चे एक-एक कर नदी के गहरे पानी में जाने लगे, जबतक - अन्य बच्चे कुछ समझ पाते तब तक दोनों भाई - गहरे पानी में चले गए। बच्चों के शोर-शराबा करने पर गांव के लोग जुटे।



इसके बाद दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद बेहोशी की हालत - में नदी से निकालकर इलाज के लिए रानीगंज रेफरल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतक बच्चों के पिता चेन्नई में ही है। उनके घर आने के बाद ही बच्चों का अंतिम संस्कार किया जायेगा। इधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दो सगे भाइयों की मौत की घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# विजयदशमी का संदेशः अपने अंदर के रावण को पराजित कर मानव कल्याण की ओर बढ़ेंः कविता मिश्रा

**छातापुर** । छातापुर में विजयदशमी और दशहरा के पर्व पर अधर्म पर धर्म की विजय और असत्य पर सत्य की जीत की पैनोरमा ग्रुप की निदेशक सह समाजसेविका कविता मिश्रा ने शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर समाज सेविका कविता मिश्रा ने कहा, "इस पर्व का असली संदेश हमें अपने अंदर के रावण को मारने और मानव कल्याण के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। हमें अपने विचारों और कर्मों में अच्छाई को अपनाना चाहिए।" कविता मिश्रा ने आगे कहा, "विजयदशमी का यह त्योहार हमें बुराई के खिलाफ खड़ा होने और समाज में सकारात्मकता फैलाने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम हर प्रकार की नफरत और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाएंगे।" स्थानीय लोगों ने इस




पर्व को एक नए सिरे से मनाने का संकल्प लिया, यह कहते हुए कि यह दिन समाज में एकता और सहयोग का संदेश देता है। सभी ने मिलकर इस दिन को मनाने का निर्णय लिया, जिससे समाज में शांति और समृद्धि का संचार हो सके। कविता मिश्रा और सभी स्थानीय नेताओं ने मिलकर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हैप्पी दशहरा!

## अररिया में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में सद्भावना मंच और छांव फाउंडेशन की पहल



**अररियाः** सद्भावना मंच, युवा सद्भावना मंच, और छांव फाउंडेशन के सदस्यों ने दशहरा पर्व के मौके पर स्थानीय पूजा पंडालों का दौरा किया। उन्होंने सभी को बधाई दी और पूजा पंडाल समिति के सदस्यों को माला पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। सद्भावना मंच के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. श्यामलाल यादव ने इस अवसर पर कहा कि त्योहारों का उद्देश्य आपसी भाईचारे और एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने जिले के लगभग 10 पूजा पंडालों में जाकर लोगों को शुभकामनाएँ दी और सभी से अपील की कि वे मिलकर त्योहार मनाएं। इस दौरान सद्भावना मंच के सचिव मो मोहसिन, सदस्य सत्येन्द्र नाथ शरण, रजी अहमद, छांव फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक दास, और युवा सद्भावना मंच के अन्य सदस्य जैसे अफ्फान कामिल, जाहीद अनवर, तौशिफ अनवर, आमिर रेजा, रजी अनवर, तारिक अनवर और जिब्रान अंसारी भी मौजूद थे। सभी ने मिलकर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द को बनाए रखने का संकल्प लिया, ताकि त्योहार का आनंद सभी समुदायों में समान रूप से फैल सके।

## गुस्ताखे रसूल के खिलाफ 26 अक्टूबर को शांति जुलूसः शाजहां शाद

**फारबिसगंज** । गुस्ताखे रसूल जाहिल नरसिमहानंद द्वारा पैगंबर मुहम्मद सल्ल० साहब के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में सीमांचल अधिकार मंच ने एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता शाहजहां शाद ने की, जबकि संचालन एकराम अंसारी और मौलाना अब्दुल रहमान कासमी ने किया। बैठक में सदस्यों ने नरसिमहानंद के बयान की कड़ी निंदा की और सरकार द्वारा अभी तक गिरफ्तारी न किए जाने पर चिंता व्यक्त की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जाहिल नरसिमहानंद की गिरफ्तारी के लिए एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। सदस्यों ने आगामी 26 अक्टूबर (शनिवार) को गुस्ताखे रसूल के खिलाफ एक शांति जुलूस निकालने का ऐलान किया, जिसमें फांसी की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और यहां किसी भी धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।




**बैठक में उपस्थित मुख्य लोगः** शाहजहां शाद (अध्यक्ष),एकराम अंसारी (सचिव),मौलाना अब्दुल रहमान कासमी (कोषाध्यक्ष), अशरफ अली,राशिद जुनैद, वाहिद अंसारी,शौकत अंसारी, आबिद अंसारी,मोहम्मद खत्ताब अंसारी,हाफिज उमर फारूक, मोहम्मद सैफुल्लाह सिद्दीकी, मोहम्मद नईम,मौलाना शाहबाज़ कासमी,मोहम्मद आफताब, मोहम्मद इरशाद सिद्दीकी, अतिकुर रहमान,मोहम्मद बबलू, मोहम्मद उमर फारूक,निजामुद्दीन अंसारी, वसीकुरहमान,मोहम्मद महताब आलम,शाहिद मंसूरी,अबुल्लेश अंसारी,मोहम्मद अकमल राजा, मोहम्मद हजरत,शमी अहमद, मोहम्मद जावेद अख्तर मझारी, मोहम्मद हसीबुर रहमान रहमानी, हशमत सिद्दीकी,कपिल अंसारी, मोहम्मद हातिम,मोहम्मद फारूक मझारी,मुफ्ती अब्दुल रशीद कासमी,फिरोज नोमानी, आस मोहम्मद मजाहिरी, औरंगज़ेब,शोएब राजा,मोहम्मद आतिफ,सैफ अली खान, नसीम रजा,मुख्तार सरपंच, मोहम्मद मुदस्सिर,गुड्डू अली (संयुक्त सचिव सीमांचल अधिकार मंच) सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुटता से न्यायपालिका और सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की ताकि संविधान की धर्मनिरपेक्षता और बंधुता की भावना बनी रहे।


# विजयादशमी पर भव्य रावण दहनः बीरपुर और विशनपुर में उमड़ी भीड़


♦ बीरपुर, कारगिल चौक और विशनपुर चौक पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम

**बलुआ बाजार/बीरपुर**। विजयादशमी के पावन पर्व पर बीरपुर कारगिल चौक और विशनपुर चौक पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ ने समारोह में हिस्सा लिया, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजनः** कार्यक्रम में न केवल रावण का दहन किया गया, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। स्थानीय कलाकारों ने अपने जीवंत प्रदर्शनों से दर्शकों का मन मोह लिया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।










**बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेशः** रावण दहन के साथ ही इस पर्व ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश भी दिया। लोगों ने एकजुट होकर इस परंपरा को मनाया, जिससे सामुदायिक भावना और भी मजबूत हुई। कार्यक्रम की व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन और आयोजकों की मेहनत नजर आई, जिसने इस समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**संजीव मिश्रा ने विजयादशमी पर दी शुभकामनाएंः** बीरपुरः विजयादशमी के अवसर पर संजीव मिश्रा ने सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उनके संदेश ने स्थानीय समुदाय में उत्साह और उमंग का संचार किया, जिससे विजयादशमी का पर्व और भी खास बन गया।

## प्रो (डॉ) रंजीत राम का आकस्मिक निधनः उमा पांडे कॉलेज, पूसा में शोक की लहर






**पूसा** । उमा पांडे कॉलेज पूसा के प्रतिष्ठित प्रोफेसर (डॉ) रंजीत राम का आकस्मिक निधन हो गया, जिससे कॉलेज और शैक्षणिक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई।

उनके निधन ने उनके छात्रों, सहयोगियों और परिवार को गहरा दुख पहुंचाया।

प्रो (डॉ) रंजीत राम ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

इस दुखद मौके पर, यू आर कॉलेज रोसड़ा के प्रधानाचार्य डा घनश्याम राय ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस कठिन घड़ी को सहने की शक्ति दें।

# जोगबनी हाई स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक रामाकांत झा का निधन

**दैनिक शुभ भास्कर,रानीगंज** । अररिया के जोगबनी हाई स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक, 88 वर्षीय रामाकांत झा, लंबी बीमारी के बाद शनिवार दोपहर एक बजे निधन हो गए। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही आस-पड़ोस के लोग और उनके कई शिष्य अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। रामाकांत झा अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र, पुत्रवधु, तीन पुत्रियां और दर्जनों नाती-पोते छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा पैतृक गांव बगुलाहा में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में बड़े पुत्र मनोज झा के मुखाग्नि के साथ संपन्न हुई। सरल स्वभाव, मधुरभाषी और हंसमुख स्वभाव के लिए जाने जाने वाले रामाकांत झा 2000 में जोगबनी हाई स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई। अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने फोन पर परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की और मृतक की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों, रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अचमित ऋषिदेव और सुखसेना पूर्व के मुखिया सरिता देवी के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित की गई। सभा में सामाजिक युवा नेता गौरव यादव, रानीगंज के पूर्व प्रमुख उमेश मिश्र, बीजेपी उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कई स्थानीय लोगों ने भी रामाकांत झा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।



# अररिया में विजयादशमी समारोहः सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने मां दुर्गा के विसर्जन में भाग लिया

♦ "मातारानी सबका कल्याण करें, सबको सुख और समृद्धि दें।": एमपी प्रदीप कुमार सिंह





**दैनिक शुभ भास्कर,अररिया /डा. रूद्र किंकर वर्मा/कृष्ण कुमार वर्मा**।

शनिवार को जिले में विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने हिस्सा लिया। उन्होंने इस मौके पर सभी भक्तों को बधाई देते हुए कहा, "मातारानी सबका कल्याण करें, सबको सुख और समृद्धि दें।" दुर्गापूजा के अंतर्गत आयोजित इस विसर्जन कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा को कंधे पर उठाकर नगर भ्रमण कराया। इस दौरान भक्तों ने "जय मां दुर्गा" और "जय अम्बे" के नारे लगाते हुए भक्ति का माहौल बनाया।

**भक्तों की एकजुटताः** नम आंखों के बीच, श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा को विदाई दी। वे मां के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम को व्यक्त करते हुए परमान नदी के किनारे पहुंचे, जहां मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। भक्तों ने अगले साल मां दुर्गा के पुनः आगमन की कामना की और इस अवसर को एक विशेष समारोह के रूप में मनाया।

**सुरक्षा और व्यवस्थाः** प्रतिमा विसर्जन की प्रक्रिया सुबह से ही शुरू हो गई थी। चांदनी चौक, काली मंदिर चौक और पचकोड़ी चौक पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, जो विसर्जन के लिए निकली प्रतिमाओं का स्वागत कर रही थी। इस दौरान विभिन्न धर्मों के लोग भी एकजुट होकर इस धार्मिक उत्सव का हिस्सा बने। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे, जिससे सभी भक्त सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में इस उत्सव का आनंद ले सके। ढोल और ढाक की धुन पर भक्त झूमते रहे, और हर दिशा में देवी मां के जयकारे गूंजते रहे।

**अंतिम विदाईः** अंत में, मां दुर्गा की प्रतिमा को नदी में विसर्जित किया गया, जहां भक्तों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर इस पर्व का समापन किया। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी और समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर सांसद श्री सिंह के साथ पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा, भाजपा नेत्री डा. सुष्मिता ठाकुर आदि भी शरीक हुए। इस प्रकार, अररिया में विजयादशमी का यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने का भी कार्य किया।

# एक हजार के क्लब में शामिल होंगे विराट कोहली ?

## ध्वस्त करेंगे सहवाग और पुजारा का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश का टेस्ट और टी20 में सूपड़ा साफ करने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी. टीम इंडिया को घर पर ही कीवी टीम से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. इस सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर को पहले टेस्ट मैच के साथ होगी. इस टेस्ट मैच में पूर्व कप्तान विराट कोहली एक खास क्लब में शामिल हो सकते हैं.

### पहले टेस्ट के लिए बेंगलुरु रवाना हो गए हैं विराट कोहली

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि स्टार बल्लेबाज किंग कोहली पहले टेस्ट के लिए बेंगलुरु रवाना हो गए हैं. बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद वह वाइफ अनुष्का शर्मा और बच्चों से मिलने लंदन चले गए थे. हालांकि, वह वापस आ गए हैं और बेंगलुरु के लिए रवाना भी हो गए हैं.

### 1000 के स्पेशल क्लब में शामिल होंगे विराट?

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में किंग कोहली 1000 के स्पेशल क्लब में शामिल हो सकते हैं. हालांकि, इसके लिए उन्हें 134 रन बनाने होंगे. दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में विराट के नाम 866 रन हैं. विराट ने कीवी टीम के खिलाफ 11 टेस्ट मैच की 21 पारियों में 45.58 की औसत से इतने रन बनाए हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट 3 शतक और 3 अर्धशतक लगा चुके हैं. अगर विराट बेंगलुरु टेस्ट में 134 रन बना लेते हैं तो फिर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में एक हजार रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बन जाएंगे.

### पुजारा और सहवाग को छोड़ देंगे पीछे

अभी विराट न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पांचवें नंबर पर हैं. हालांकि, चौथे नंबर के चेतेश्वर पुजारा को पीछे छोड़ने के लिए विराट को सिर्फ एक रन बनाना है. पुजारा के नाम 867 रन हैं. वहीं सहवाग के नाम 883 रन हैं. ऐसे में विराट 18 रन बनाकर सहवाग को भी पीछे छोड़ देंगे.

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

राहुल द्रविड़- 1659 रन

सचिन तेंदुलकर- 1595 रन

वीरेंद्र सहवाग- 883 रन

चेतेश्वर पुजारा- 867 रन

विराट कोहली- 866 रन




## शतकीय पारी के बाद बोले संजू सैमसन

# मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर की क्रिकेट में दबाव और असफलताओं के साथ जीना सीख लिया है तथा उन्होंने टीम प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया जिसने उन्हें विषम परिस्थितियों से बाहर निकलने और खुद को साबित करने के लिए एक और मौका दिया। सैमसन ने अपनी योग्यता के साथ पूरा न्याय करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा लेकिन इससे पहले का उनका सफर अच्छा नहीं रहा था। वह श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती दो मैच में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। सैमसन ने मैच के बाद कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता नहीं खोलने के बाद मुझे अगली श्रृंखला में मौका मिलने को लेकर थोड़ा संदेह था। लेकिन उन्होंने (कोचिंग स्टाफ और कप्तान) मुझ पर भरोसा बनाए रखा। वे कहते रहे कि वे समर्थन करना जारी रखेंगे।

इस 29 वर्ष के खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि भारत की तरफ से खेलते हुए आप दबाव से मुक्त नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि एक भारतीय क्रिकेटर के रूप में मानसिक रूप से आप बहुत कुछ झेलते हैं, खासकर इस प्रारूप (टी20) में। लेकिन मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है। मुझे लगता है कि इसका काफी श्रेय ड्रेसिंग रूम, नेतृत्व समूह, कप्तान और कोच को जाना चाहिए जिन्होंने मेरा समर्थन करना जारी रखा। सैमसन ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन्हें बांग्लादेश श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने के टीम प्रबंधन के फैसले के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने कहा, 'मैं भाग्यशाली था कि गौतम भाई, सूर्यकुमार (यादव) और अभिषेक नायर (सहायक कोच) ने तीन सप्ताह पहले ही मुझे सूचित कर दिया था कि बांग्लादेश के खिलाफ मैं पारी की शुरुआत करूंगा। इससे मुझे उचित तैयारी करने में मदद मिली। सैमसन ने कहा, 'इसके बाद मैं राजस्थान रॉयल्स अकादमी में गया और मैंने वहां नई गेंद के गेंदबाजों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। इससे मुझे मदद मिली। मुझे लगता है कि मैं इस श्रृंखला में किसी भी अन्य श्रृंखला की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक तैयार होकर आया था। सैमसन ने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें अपने खेल को लेकर अधिक जागरूकता हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं अपने खेल को अच्छी तरह से समझता हूं कि मैं एक से लेकर छह नंबर तक किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। मेरे पास बड़े शॉट लगाने के लिए जरूरी ताकत है और मेरी टाइमिंग भी अच्छी है। इसलिए यह सब मेरी भूमिका के अनुसार तैयारी करने से जुड़ा हुआ है। सैमसन ने कहा, 'जब आप असफलताओं का सामना करते हैं तो यह कहना आसान होता है कि अगले मैच में मैं रन बनाऊंगा। लेकिन मैं जानता हूं कि मैं किस तरह का व्यक्ति हूं।

## फुटबॉलः

# रोनाल्डो ने 906वां करियर गोल दागा, पुर्तगाल की जीत में निभाई अहम भूमिका



**बार्सिलोना, एजेंसी।** रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे, लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकॉर्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया।

रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था। यह रोनाल्डो के करियर का 906वां गोल रहा। रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे, लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र ज़र्लिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने ज़गरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चैंपियन स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं।

डेनमार्क छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सर्बिया के चार अंक हैं। उसने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया। लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

# मयंक यादव ने टी-20 क्रिकेट में हासिल की विशेष उपलब्धि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवा गेंदबाज मयंक यादव ने हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20आई मैच में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस हाई-स्कोरिंग मैच में भारत ने अपनी पारी में 297/6 का प्रभावशाली स्कोर बनाया जिससे बांग्लादेश पर भी इसी तरह का प्रदर्शन करने का दबाव बना।

महज 22 साल के यादव ने बांग्लादेश को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर उन्होंने एक शॉर्ट बॉल फेंकी जिसने परवेज हुसैन इमोन को चौंका दिया। इमोन ने बड़ा शॉट मारने का प्रयास किया लेकिन सही शॉट नहीं लगा पाए जिसके परिणामस्वरूप एक अजीब प्रयास हुआ। पहली स्लिप में तैनात पराग ने तेजी से अपने बाएं ओर कदम बढ़ाया और एक आसान कैच लपका।

यादव का योगदान बांग्लादेश की पारी को गति पकड़ने से पहले सीमित करने में महत्वपूर्ण रहा। इस उपलब्धि के साथ मयंक टी20आई इतिहास में पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बन गए। वह भारतीय क्रिकेटरों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गए



जिसमें हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं। भुवनेश्वर कुमार ने अपने करियर में तीन बार यह उपलब्धि हासिल की है। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि में संजू सैमसन टी20आई शतक बनाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बने।

यह रिकॉर्ड बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20आई के दौरान बनाया गया था। सैमसन ने 47 गेंदों पर 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 236.17 की स्ट्राइक रेट से 111 रन बनाए। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में संजू सैमसन का एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड है, उन्होंने आठ पारियों में 66.33 की औसत और 162.44 की स्ट्राइक रेट से 398 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने पूर्ण सदस्य टीमों के खिलाड़ियों द्वारा दूसरा सबसे तेज टी20आई शतक भी दर्ज किया।

पूर्ण सदस्य टीम के खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज टी20आई शतक दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम है, दोनों ने 35 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## विंबलडन से

# लाइन जज की खामोश विदाई

**लंदन, एजेंसी।** ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब ने बुधवार को घोषणा की कि विंबलडन 2025 से लाइन जजों की जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग तकनीक का इस्तेमाल करेगा।

घोषणा के बाद, 1982 से टूर्नामेंट में अंपायरिंग कर रही लाइन जज वेंडी स्मिथ बेहद दुखी हैं और उनका दावा है कि उन्हें टेनिस के मक्का को अलविदा कहने का मौका नहीं मिला। वेंडी ने द गार्जियन को बताया, यह सोचकर दुख होता है कि मेरे पास ऐसा पल फिर कभी नहीं होगा। मैं सेंटर कोर्ट पर नहीं खड़ी हो पाऊंगी। और मैं चाहती हूं कि वे हमें इस साल के टूर्नामेंट से पहले बता देते ताकि हमें अलविदा कहने का मौका मिलता।

मैं हमेशा टेनिस से प्यार करूंगी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं अब एक दर्शक के रूप में विंबलडन में जा पाऊंगी। वहां वैसा माहौल नहीं होगा। लाइव इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग (लाइव




ईएलसी) के नाम से जानी जाने वाली आधिकारिक तकनीक सभी चैंपियनशिप और क्वालीफाइंग मैच कोर्ट में लागू होगी और इसमें आउट और फॉल्ट कॉल शामिल होंगे जो पहले लाइन जजों द्वारा किए जाते थे। वेंडी ने आगे बताया कि समाचार में चौंकाने वाले बदलावों को सुनकर वह हतप्रभ हो गई थी। एक मानव लाइन जज इतना कुछ कर सकता है जो कंप्यूटर नहीं कर सकता। हम निश्चित रूप से टेनिस की परंपराओं को बनाए रखते हैं - मुझे लगता है कि हम कोर्ट को पूरी तरह से तैयार करके रखते हैं।

और दर्शक खेल के बारे में बहुत कुछ सीख सकते हैं जब वे लाइन जज और चेयर अंपायर के बीच चर्चा देख सकते हैं। यह सब खो जाएगा। उन्होंने कहा, इसलिए जब मैंने बुधवार को सुना कि टूर्नामेंट में हम लाइन जजों की जगह इलेक्ट्रॉनिक लाइन कॉलिंग की जा रही है, तो मैं हतप्रभ रह गई। यह और भी दुखद था क्योंकि मुझे तब पता चला जब समाचार में इसकी घोषणा की गई और मेरे फोन पर लोग यह पूछने लगे कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं।

## खराब फॉर्म में चल रहे बाबर

# आजम को एक और झटका इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर: रिपोर्ट

**लाहौर, एजेंसी।** मुल्तान में पहले टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों पाकिस्तान की शर्मनाक हार के बाद पूर्व कप्तान बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया गया है, एक रिपोर्ट ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ महीनों में बाबर सभी प्रारूपों में बेहद खराब फॉर्म में हैं। पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में उन्होंने केवल 30 और 5 रन बनाए जबकि पिच बल्लेबाजों के लिए बिल्कुल अनुकूल थी। मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान की हार के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक नई चयन समिति का गठन किया, जिसने कथित तौर पर बाबर को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर करने का फैसला किया है।




एक रिपोर्ट के अनुसार अलीम डार, आकिब जावेद और अजहर अली वाली चयन समिति ने बल्ले से खराब प्रदर्शन के कारण पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर को टीम से बाहर करने का फैसला किया है। कथित तौर पर चयन समिति ने शनिवार को पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के साथ-साथ पीसीबी द्वारा तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किए गए पांच सलाहकारों से मुलाकात की और टीम को अंतिम रूप दिया। यह विकास इस तथ्य के बावजूद हुआ है कि पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने बाबर को टीम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज करार दिया था। मसूद ने पहले टेस्ट के बाद मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, हम एक टीम मानसिकता बनाना चाहते हैं। हम बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलते हैं। खासकर एक बल्लेबाज के रूप में, यह आसान नहीं है। आपको बहुत सारे अवसर देने होते हैं, और इसमें कोई संदेह नहीं है कि बाबर आजम पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। आपको हमेशा यह ध्यान में रखना होगा कि आपका सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सिर्फ एक गेम दूर है। हम विचार करेंगे और देखेंगे कि कौन सी परिस्थितियां होंगी। हम सर्वश्रेष्ठ को टीम में रखने की कोशिश करेंगे।

# भारत ने बांग्लादेश को 133 रनों से रौंदा

## टी-20 सीरीज 3-0 से क्लीन स्वीप किया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश को तीसरे और अंतिम टी-20 मैच में 133 रनों से हराकर सीरीज में शानदार 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 297 रन बनाए, जो टी-20 में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। संजू सैमसन ने 111 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 75 रन जोड़े। बांग्लादेश ने 164 रनों का लक्ष्य पाने के प्रयास में 20 ओवर में 7 विकेट खो दिए, जिसमें तौहीद हृदोय ने 67 रन की पारी खेली।

भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और बांग्लादेश को हर मोर्चे पर मात दी। इससे पहले, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन (111) के आतिशी शतक और बल्लेबाजों के 22 आक्रामक छक्कों की बदौलत टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले में शनिवार को 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रनों का विशाल स्कोर बना लिया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश ने अभिषेक शर्मा को चार रन पर आउट कर शुरुआती सफलता हासिल की, लेकिन इसके बाद सैमसन, सूर्यकुमार यादव, रियान पराग और हार्दिक पांड्या ने छक्कों-चौकों की बरसात करते हुए स्टेडियम में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सैमसन ने खास तौर पर बेहद विशेष अंदाज में



बल्लेबाजी की और अपने कप्तान सूर्या के साथ पावरप्ले में ही बांग्लादेशी गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिए। सैमसन ने पारी के 10वें ओवर में रिशाद हुसैन की गेंदों पर पांच छक्के उड़ाते हुए 10 ओवर में भारत को 150 के पार पहुंचा दिया। सैमसन ने मात्र 47 गेंदों पर 11 चौके और 8 छक्के उड़ाते हुए 111 रन बनाए और दूसरे विकेट के लिए सूर्या के साथ 173 रनों की जबरदस्त साझेदारी की। सूर्या ने मात्र 35 गेंदों पर 75 रन में आठ चौके और पांच छक्के उड़ाए।

रियान पराग ने भी रनों की बहती गंगा में हाथ धोते हुए 13 गेंदों पर एक चौका और चार छक्के लगाते हुए 34 रन ठोके। हार्दिक पांड्या ने 18 गेंदों पर 47 रनों में 4 चौके और उतने ही छक्के जड़े। रिंकू सिंह ने चार गेंदों पर नाबाद 8 रन बनाए और पारी के आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर भारत को 297 तक पहुंचाया।

मुद्रक- स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स , मावली उदयपुर, राजस्थान, 313203 / प्रधान संपादकः उमेश कुमार, मो.नं. +91 96259 58256 / संपादक : अनिल कुमार मिश्र, मो.नं. +91 98 5231 5231 / विधि सलाहकार : अरविंद कुमार भारद्वाज "अधिवक्ता" इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तरप्रदेश , मो.नं. +91 96953 96700 / प्रधान कार्यालय : HNo- 616 / 156 /1, सेमरा गौढ़ी, सीतापुर रोड मड़ियांव, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226013, मो. नं. +91 96259 58256 / बिहार - झारखंड, प्रदेश कार्यालय : (नजदीक जिला केन्द्रीय पुस्तकालय) पुरानी जीटीरोड , औरंगाबाद (बिहार), 824101, मो.नं. +9198 5231 5231 / दैनिक शुभ भास्कर RNI UPHIND 2015 /64737. पी. आर. बी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु ज़िम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।